**प्रेस विज्ञप्ति**

**जनपद बस्ती**

**दिनांक-12.09.2026**

**थाना वाल्टरगंज पुलिस, एस०ओ०जी० टीम व सर्विलांस टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में उ0प्र0 पुलिस आवास निगम, निर्माण इकाई गोरखपुर में संविदा पर नौकरी करने वाले संविदाकर्मी की हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए सम्बंधित दो अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार-**

थाना वाल्टरगंज पुलिस, एस०ओ०जी० टीम व सर्विलांस टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में उ0प्र0 पुलिस आवास निगम, निर्माण इकाई गोरखपुर में संविदा पर नौकरी करने वाले संविदाकर्मी की हत्या के संबंध में थाना वाल्टरगंज पर दिनांक-11.09.2026 को पंजीकृत मु0अ0स0-208/2026 धारा-103(1), 238(a) BNS की घटना का सफल अनावरण करते हुए **सम्बंधित 02 अभियुक्तगण यथा क्रमशः 1-** रामललित चौधरी पुत्र स्व0 हरिशंकर वर्मा **2-**सोना देवी पत्नी स्व0 श्रीपत को दिनांक-12.09.2026 को समय करीब 10:20 बजे अमहट घाट से हाईवे पर जाने वाले मोड़ से गिरफ्तार कर अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय बस्ती रवाना किया गया |

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

**1-** रामललित चौधरी पुत्र स्व0 हरिशंकर वर्मा उम्र करीब 29 वर्ष निवासी ग्राम पनेराभारी थाना हरैया जनपद बस्ती |

**2-** सोना देवी पत्नी स्व0 श्रीपत उम्र करीब 55 वर्ष निवासी कौडीकोल थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती |

**बरामदगी का विवरण-**

**1-** दो अदद कीपैड मोबाइल |

**2-** मृतक का पासपोर्ट, एस०बी०आई० बैंक का पासबुक, आधार कार्ड, पैन कार्ड व ड्राइविंग लाइसेन्स |

**3-** जामा तालाशी से बरामद रुपये 2,070/- नकद |

**4-** एक मोटर साइकिल गाड़ी संख्या-UP51AK4990 (सफेद रंग की पैशन प्रो) |

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक-11.09.2026 को आवेदक हेमन्त कुमार पुत्र ओम प्रकाश उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम खड़ौवा खुर्द थाना नगर जनपद बस्ती द्वारा तहरीर दिया गया कि मेरा भाई यशवन्त कुमार उम्र करीब 26 वर्ष उ0प्र0 पुलिस आवास निगम, निर्माण इकाई गोरखपुर में संविदा पर नौकरी करता था जोकि दिनांक-08.09.2026 को प्रतिदिन की भांति अपनी मोटर साइकिल गाड़ी संख्या-UP51BW6513 से ड्यूटी मामा के लड़के अंकित कुमार के साथ गया था, जहां से वापस उसी के साथ समय करीब 19:30 बजे नगर बाजार आने के बाद अंकित कुमार नगर बाजार से अपनी मोटर साइकिल से अपने घर चला गया जबकि मेरा भाई यशवन्त घर पर वापस नहीं पंहुचा | दिनांक-09.09.2026 को मेरे भाई की मोटर साइकिल थाना दुबौलिया क्षेत्रान्तर्गत बैरागल के किनारे पड़ा मिला एवं भाई का शव थाना वाल्टरगंज क्षेत्रान्तर्गत धमौरा के पास सड़क के किनारे पड़ा हुआ मिला, जिसके संबंध में सूचना मिलने पर मेरे बाबा देवनरायन द्वारा पोस्टमार्टम हाउस बस्ती पर शव की पहचान मेरे भाई के रूप में किया गया | मेरे भाई की अज्ञात लोगो द्वारा हत्या कर साक्ष्य छुपाने के लिए उसके शव को थाना वाल्टरगंज क्षेत्र में सड़क के किनारे फेक दिया गया है, जिस पर थाना वाल्टरगंज पर दिनांक-11.09.2026 को मु0अ0स0- 208/2026 धारा-103(1), 238(a) BNS **बनाम 1-**अज्ञात व्यक्ति पंजीकृत कर संबंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु उच्चाधिकारीगण द्वारा तत्काल 02 टीमो का गठन किया गया, जिसके क्रम में थाना वाल्टरगंज पुलिस, एस०ओ०जी० टीम व सर्विलांस टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में हत्या का सफल अनावरण करते हुए **सम्बंधित दो अभियुक्तगण 1-**रामललित चौधरी पुत्र स्व0 हरिशंकर वर्मा, **2-**सोना देवी पत्नी स्व0 श्रीपत को दिनांक-12.09.2026 को समय करीब 10:20 बजे अमहट से हाईवे पर जाने वाले मोड़ से गिरफ्तार कर अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण की जा रही है |

**पूछताछ का विवरण-**

पूछताछ के दौरान **अभियुक्त 1-**रामललित चौधरी द्वारा बताया गया कि पूर्व योजना के अनुसार मै **2-**सोना देवी के घर पहुंचा तो वे बताई कि यशवंत कुमार को भी फोन करके बुलाया गया है जो अभी आ रहा होगा | मै **2-**सोना देवी की लड़की रीमा से प्रेम करता हूँ जिससे मिलने-जुलने के कारण मै उनके घर चला गया था | मुझे **2-**सोना देवी ने बताया कि मेरे बहन की लड़की गुड़िया को यशवंत कुमार परेशान करता है एवं उसे शराब आदि पीलाकर उसका आपत्तिजनक वीडियो बना लिया है, जिसे दिखाकर उससे यशवंत कुमार शारीरिक सबंध बनाता है, जिससे वह उससे काफी परेशान है एवं वह गुड़िया की शादी होने नही दे रहा है, जहाँ भी तय होता है, वहां जाकर रिश्ता काट देता है, जिससे उसका जीना दुभर हो गया है और आज हम लोगों को मिलकर यशवंत कुमार को जान से खत्म कर देना है | हम लोग एक योजना के तहत समय करीब 21:00 बजे गुड़िया व शीला ने यशवंत कुमार को लेकर घर से करीब 300 मीटर दूर गन्ने के खेत के पास ले गईं, जहां पीछे-पीछे मै, **2-**सोना देवी व रीमा भी पहुँच गये | जब मै, यशवंत कुमार, रीमा, गुड़िया,

शीला, **2**-सोना देवी एक जगह एकत्र हो गये तो रीमा ने पीछे से यशवंत का कालर पकड़ कर खींच दिया जिससे वह पीठ के बल गिर गया, तब **2**-सोना देवी, गुड़िया, शीला व रीमा सभी यशवंत कुमार के उपर चढ़ गये ताकि वह छुड़ाकर भाग न सके एवं मैं व रीमा हाथ से उसका गला दबा दिये और **2**-सोना देवी, गुड़िया व शीला उसके सीने पर चढ़कर लात से दबाने लगी जिसके थोड़ी ही देर में यशवंत कुमार की मृत्य हो गयी। मै, रीमा के साथ यशवंत कुमार के शव को उसकी मोटरसाइकिल पर बीच में लाद कर गाड़ी चलाने लगा एवं रीमा पीछे बैठ कर यशवन्त कुमार के शव को कस कर पकड़ रखी थी। मैं व रीमा हम दोनों वहाँ से छिपते-छिपाते यशवंत कुमार की लाश को गौरा से आगे धमौरा गाँव के पहले नहर के पास रोड के किनारे लाकर छुपाने के बाद उसी मोटरसाईकिल से पड़िया चौराहा से कप्तानगंज होते हुए **2**-सोना देवी के घर कौड़ीकोल पहुंचे जहाँ यशवन्त कुमार की मोटरसाईकिल व रीमा को वहाँ छोड़कर अपनी मोटरसाईकिल लेकर अपने घर चला आया। घटना के बारे में कोई जान न पाए, जिसके लिए आज मै व **2**-सोना देवी अपनी मोटरसाईकिल पैशन प्रो गाड़ी संख्या-UP51AK4990 (सफेद रंग की) से अमहट हाईवे मोड़ के किनारे खड़ा होकर लखनऊ जाने के फिराक में थे, जहां मैं **2**-सोना देवी को लखनऊ के लिए बस पर बैठाकर अपनी गाड़ी लेकर घर जाने के फिराक में था कि तभी आप लोगों ने मुझे पकड़ लिया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

**1-** प्रभारी निरीक्षक वाल्टरगंज ज्ञानेन्द्र कुमार राय जनपद बस्ती।
**2-** प्रभारी एस0ओ0जी0 टीम निरीक्षक विकास यादव जनपद बस्ती।
**3-** प्रभारी सर्विलांस टीम उ0नि0 शेषनाथ यादव जनपद बस्ती।
**4-** उ0नि0 श्रीराम पाल थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती।
**5-** हे0का0 रमेश यादव, हे0का0 पवन तिवारी, हे0का0 मृत्युन्जय कुशवाहा, का0 चन्दन, का0 विजय कुमार एस०ओ०जी० टीम जनपद बस्ती।
**6-** हे0का0 देवेश यादव, का0 सन्तोष यादव सर्विलांस सेल जनपद बस्ती।
**7-** हे0का0 मिथुन कन्नौजिया, का0 शैलेन्द्र यादव, रि0का0 शुभम यादव, रि0का0 मृदुल वर्मा, रि0म0का0 श्रेया सिंह थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती।

